>

Title: Need to release funds under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana for construction of roads and bridges in rural areas of Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं।

महोदया, मैं सदन के माध्यम से जानकारी देना चाहती हूं कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में बनने वाली सड़कों की राशि को अटका कर रखा हुआ है और उसे अभी तक जारी नहीं किया है। इसके कारण बिहार में नौ हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। साथ ही, 950 पुलों के निर्माण हेतु भी राशि निर्गत नहीं की जा रही है। इसके लिए बिहार सरकार बार-बार अनुरोध कर रही है। यह जनता की चीज है। हम लोग जब गांव में जाते हैं तो बहुत परेशानी होती है। सभी लोग कहते हैं कि आपको केन्द्र में भेजा गया है, फिर भी सड़क नहीं बन रही है। बहुत सड़कें तो ऐसी हैं, जिनकी ईंटें उखाड़ ली गई हैं। बरसात के दिनों में वे सड़कें कीचड़ से भर गई हैं और उन पर चलना मुश्किल हो गया है। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहूंगी कि केन्द्र सरकार इस रवैये को छोड़कर सड़क बनाने की राशि देने की कृपा करे। बिहार के सभी लोग इसके लिए जागरूक हैं कि उन्हें सड़क मिले। मैंने कोई आरोप नहीं लगाया है। यह लोक हित की बात है।